nwda.gov.in

'तालाबों पर अवैध कब्जे सुप्रीम कोर्ट के फैसले की अवहेलना'

- उप राष्ट्रपति ने कहा, जलस्रोतों को दलगत भावना या पूर्वाग्रह से ऊपर उठकर दुरुस्त किया जाना चाहिए
- चौथे राष्ट्रीय जल पुरस्कारों में मप्र को मिला सर्वश्रेष्ठ राज्य का सम्मान, चंडीगढ़ सबसे अच्छा नगर निकाय

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने तालाबों, जोहड़ों, बावड़ियों, पोखरों पर अवैध कब्जों अथवा उनकी जमीन का इस्तेमाल दूसरे कामों में करने को सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उल्लंघन बताया है। कहा है कि इनका पुनरुद्धार युद्ध स्तर पर होना चाहिए। शनिवार को चौथे राष्ट्रीय जल पुरस्कार को देते हुए धनखड़ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया था कि जोहड़-पोखर अपरिवर्तनीय हैं। इनकी भूमि का उपयोग किसी अन्य काम में हो ही नहीं हो सकता। सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना चिंता का विषय है। तालाब और जलाशय अतिक्रमण के शिकार हो रहे हैं। इसे नजरअंदाज किया जा रहा है। इसे दलगत भावना अथवा पूर्वाग्रह से ऊपर उठकर दुरुस्त किया जाना चाहिए, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन हमारा संवैधानिक दायित्व है।

पारंपरिक जल संचयन की संरचनाओं को पुनर्जीवित करने की जरूरत पर बल देते हुए उप राष्ट्रपति ने कहा कि पानी का संरक्षण हमेशा भारत की सभ्यतागत प्रकृति का अभिन्न अंग रहा है। यह हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह प्रकृति के उपहारों का बुद्धिमानी से उपयोग सुनिश्चित करे। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि बढ़ते शहरीकरण, आर्थिक प्रगति और कृषि के विस्तार को देखते हुए पानी की उपलब्धता बढ़ाना और उसका सदुपयोग सुनिश्चित करना एक बहुत बड़ी चुनौती है। इस चुनौती को पूरा करने के लिए हर व्यक्ति को योगदान देना होगा। उन्होंने पानी के क्षेत्र में बढ़ रही जागरूकता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नजरिये को देते हुए कहा कि उन्होंने जल जीवन मिशन की शुरुआत करते हुए एक महाभियान की नींव रखी थी।

नई दिल्ली में शनिवार को चौथे राष्ट्रीय जल पुरस्कार समारोह का उद्घाटन करते उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और अन्य ● प्रेट्र

राष्ट्रीय जल पुरस्कार 11 श्रेणियों में दिए गए। मध्य प्रदेश को सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार मिला। दूसरे स्थान पर ओडिशा और आंध्र व बिहार संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। सर्वश्रेष्ठ जिले का पुरस्कार ओडिशा के गंजम जिले को मिला। सबसे अच्छी पंचायत रही तेलंगाना की जगन्नाथपुरम (भद्राद्रि कोटागुडम जिला)। चंडीगढ़ नगर निगम को सर्वश्रेष्ठ नगर निकाय का पुरस्कार मिला। दूसरे स्थान पर रहा इंदौर नगर निगम, जबकि तीसरा स्थान सूरत नगर निगम को मिला।